

# 13 साल बाद महिला कबड्डी विश्व कप की वापसी



**टूर्नामेंट की मेजबानी अब तेलंगाना को मिली**

**भारत समेत 14 देशों की भागीदारी की उम्मीद**

**पहला संस्करण 2012 में पटना में हुआ था**

**हैदराबाद 18 जुलाई.** महिला कबड्डी विश्व कप का दूसरा संस्करण 3 से 10 अगस्त तक हैदराबाद के गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट 13 साल के अंतराल के बाद लौट रहा है, जिसका पहला संस्करण 2012 में पटना में आयोजित किया गया था।

यह आयोजन मूल रूप से जून में बिहार में होने वाला था। तेलंगाना कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कासानी वीरेश ने स्पोर्टस्टार को बताया, जब बिहार ने नाम वापस ले लिया, तो हमने एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया से अनुरोध किया कि यह आयोजन तेलंगाना में हो, और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने आगे कहा, हम महिला कबड्डी को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, भले ही इसे हमेशा बहुत अधिक प्रायोजक न मिलें। हैदराबाद ने 2005 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, और अब, 20 साल बाद, शहर एक और अंतरराष्ट्रीय महिला कबड्डी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट में चौदह देशों के भाग लेने की उम्मीद है। मेजबान भारत और 12 अन्य देश – अर्जेंटीना, बांग्लादेश, चीनी ताइपे, जर्मनी, हॉलैंड, ईरान, जापान, केन्या, नेपाल, थाईलैंड, युगांडा और ज़ांज़ीबार – ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है,

# भारत मैनचेस्टर को लेकर सतर्क

## ऋषभ पंत की फिटनेस और जसप्रीत बुमराह की वापसी पर अंतिम फैसला बाकी



**लंदन, 18 जुलाई (वार्ता) इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से पहले लंबे अंतराल के साथ, भारत को ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लेने हैं।**

लॉर्ड्स में एक करीबी मुकाबले में हारने के बाद, पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 2-1 से पिछड़ रही मेहमान टीम को विकेटकीपर ऋषभ पंत की तर्जनी उंगली में चोट लगने से एक बड़ा झटका लगा है।

### पंत ठीक होकर खेलेंगे

भारत के सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे को उम्मीद है कि 27 वर्षीय पंत ठीक होकर चौथे टेस्ट में खेलेंगे। डेशकाटे ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा, वह (पंत) टेस्ट से पहले मैनचेस्टर में बल्लेबाजी करेंगे। देखिए, मुझे नहीं लगता कि आप ऋषभ को टेस्ट से बाहर रखेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। उन्होंने कहा, तीसरे टेस्ट में पंत ने काफी दर्द के साथ बल्लेबाजी की और अब उनकी उंगली के लिए यह और भी आसान होता जाएगा।

### बुमराह का फैसला अंतिम समय में

चयन के संबंध में एक और महत्वपूर्ण फैसला नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का है। भारत ने बुमराह को उनके कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए एजबस्टन में दूसरे टेस्ट के लिए आराम दिया था, और एक आईसीसी रिपोर्ट के अनुसार, मैनचेस्टर टेस्ट के लिए इस तेज गेंदबाज की उपलब्धता स्पष्ट नहीं है।

डेशकाटे ने कहा, नहीं, हम बुमराह के बारे में मैनचेस्टर में ही फैसला करेंगे। उन्होंने कहा, हमें पता है कि हमने उन्हें आखिरी दो टेस्ट मैचों में से एक के लिए टीम में शामिल कर लिया है। यह बिल्कुल साफ है कि मैनचेस्टर में अब सीरीज दांव पर है, इसलिए उन्हें खिलाने की संभावना ज्यादा है।

# भारत-ए को मिली हार



**भारत ए टीम को बेल्जियम ने 1-3 से हराया**

**तीन शुरुआती गोलों से पिछड़ी टीम भारतीय टीम**

**कप्तान संजय ने किया एकमात्र गोल**

> मैच के बाद भारत ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, खराब शुरुआत के बावजूद, कुल मिलाकर मैच बहुत अच्छा रहा। हमने शुरुआत में गोल खाए, लेकिन दूसरे हाफ में वापसी करते हुए मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। गेंद की पोजिशनिंग अच्छी थी और हमने कई मौके बनाए, बस हमें अपनी फिनिशिंग पर ध्यान देने की जरूरत है। इन युवा खिलाड़ियों पर बहुत दबाव है क्योंकि उनका सामना दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों और खिलाड़ियों से है।

**एंटवर्पेन, 18 जुलाई.** भारत ए पुरुष हॉकी टीम को बेल्जियम के स्पोर्टसेंट्रम विल्रिजसेप्लेन में अपने यूरोपीय दौरे में बेल्जियम के खिलाफ 1-3 से दुर्भाग्यपूर्ण हार का सामना करना पड़ा।

कप्तान संजय ने अपनी टीम का नेतृत्व किया और भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल किया। बेल्जियम ने पहले ही क्वार्टर में तीन गोल दागकर मैच में शुरुआती बढ़त बना ली। भारत ने दबाव बनाए रखा, गेंद पर कब्ज़ा बनाए रखा और बाकी तीन क्वार्टर में आक्रमण में अच्छे मौके बनाए, जिससे वे गुरुवार को मैच के अंतिम क्वार्टर में गोल करने में सफल रहे।

# पंजाब एफसी ने लियोन ऑगस्टीन का करार बढ़ाया

## 2027 तक क्लब से जुड़े रहेंगे बहुप्रतिभाशाली लियोन ऑगस्टीन

**मोहाली, 18 जुलाई (वार्ता) आगामी सीजन से पहले पंजाब एफसी ने अपने बहुप्रतिभाशाली खिलाड़ी लियोन ऑगस्टीन के कॉन्ट्रैक्ट को 2027 तक बढ़ाने की घोषणा की है।**



यह विस्तार क्लब की उस रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत युवा कोर को बनाए रखते हुए एक प्रतिस्पर्धी टीम तैयार की जा रही है। लियोन आगामी सीजन में भी हेड कोच पैनेजियोटिस डिलेंपरिस की टीम में अहम भूमिका निभाते रहेंगे। 26 वर्षीय लियोन ने 2023-24 सीजन में द शेर के लिए खेलना शुरू किया था और बीते सीजन में शानदार प्रदर्शन के बाद अब वह क्लब के साथ अपनी यात्रा जारी रखेंगे। पहले सीजन में उन्होंने केवल चार मैच खेले, लेकिन पिछले सीजन में उन्होंने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में 20 मैचों में हिस्सा लिया, 1020 मिनट तक खेलते हुए ओडिशा एफसी के खिलाफ एक गोल भी दागा। 2024-25 सीजन में खेले गए 20 मैचों में लियोन ने 279 सफल पास दिए, जिसमें उनकी पासिंग एक्युरेसी 70त्न रही। उन्होंने कुल 693 बार गेंद को छुआ, विपक्षी बॉक्स में 15 बार टच किया, नौ मौकों का निर्माण किया और दो बार सीधे गोल पर निशाना साधा। सीजन की शुरुआत में उन्होंने अग्रिम पंक्ति में खेला, लेकिन चोटों के कारण उन्हें विंग-बैक की भूमिका निभानी पड़ी।

> खिलाड़ियों के कॉन्ट्रैक्ट विस्तार पर बात करते हुए हेड कोच पैनेजियोटिस डिलेंपरिस ने कहा, लियोन एक मेहनती और बहुउपयोगी खिलाड़ी हैं, जो हमारी टीम के लिए आक्रमण और रक्षा दोनों में अहम योगदान देते हैं। पिछले सीजन में उनकी प्रगति काबिल-ए-तारीफ रही.

# पुरुष व्हालीबॉल नेशंस लीग में ईरान ने चीन को हराया

**वारसॉ, 18 जुलाई (वार्ता)** पोलैंड के ग्दांस्क में गुरुवार को पुरुष वॉलीबॉल नेशंस लीग के प्रारंभिक चरण में चीन को ईरान से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। मोर्टजा शरीफी ने खेल में सर्वाधिक 15 अंक बनाकर ईरान का नेतृत्व किया, जबकि अमीरहुसैन एस्फानदियार ने 12 अंक बनाए। चीन के कप्तान जियांग चुआन ने 11 अंक बनाए, जबकि मिडिल ब्लॉकर ली योंगजेन उनसे सिर्फ एक अंक पीछे रहे।

# भारत-पाक के बीच क्रिकेट मैच 20 को

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार दोनों टीमें होंगी आमने-सामने

**नई दिल्ली 18 जुलाई.** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच होने वाला है. दोनों टीमों के बीच मुकाबला 20 जुलाई को होगा. जहां भारत और पाकिस्तान के लिजेंडरी खिलाड़ी एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे.

**▸ इंग्लैंड में होगा चैम्पियंस ऑफ लीजेंड्स मैच**

टूर्नामेंट की शुरुआत आज यानी 18 जुलाई से हुई. जहां इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच मुकाबला हुआ. भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला इंग्लैंड के बर्मिंघम में होगा. दोनों टीमें एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर 20 जुलाई को एक-दूसरे के आमने-सामने होंगी. इंडिया चैंपियंस की टीम में युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान जैसे दिग्गज खिलाड़ी खेलते हुए दिखेंगे. वहीं पाकिस्तान टीम में शाहिद अफरीदी, शोएब मलिक और वहाब रियाज जैसे दिग्गज खिलाड़ी दिख सकते हैं.

**भारतीय टीम का शेड्यूल**

इंडिया चैंपियंस टीम अपने अभियान की शुरुआत 20 जुलाई को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी. इसके बाद उसका सामना 22 जुलाई को साउथ अफ्रीका चैंपियंस से होगा. इसके बाद 26 जुलाई को भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस से होगा. वहीं भारतीय टीम 27 जुलाई को इंग्लैंड चैंपियंस और 29 जुलाई को वेस्टइंडीज चैंपियंस से भिड़ेगी.

**एक नजर में**



### बुमराह को अगले दो टेस्ट खेलने चाहिए

**मैनचेस्टर.** पूर्व भारतीय लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सीरीज के आखिरी दो टेस्ट खेलने चाहिए। भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट के लिए जैसे ही मैनचेस्टर में मैच शुरू होने वाला है, जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ अनिल कुंबले और भारत के सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे ने जियोहॉटस्टार के शो, फॉलो द ब्लूज में टीम चयन पर चर्चा की और खिलाड़ियों की चोटों पर अपडेट साझा किए। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता और मोहम्मद सिराज की फिटनेस से लेकर ऋषभ पंत की रिकवरी टाइमलाइन तक, दोनों ने टीम की मानसिकता और योजना के बारे में भी जानकारी दी क्योंकि सीरीज अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रही है। %फॉलो द ब्लूज% पर बात करते हुए, अनिल कुंबले ने बाकी टेस्ट सीरीज के लिए जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता के महत्व पर जोर दिया। कुंबले ने कहा, मैं निश्चित रूप से बुमराह को अगला मैच खेलने के लिए प्रोत्साहित करूंगा क्योंकि यह बेहद महत्वपूर्ण है। अगर वह नहीं खेलते हैं और भारत टेस्ट हार जाता है, तो बस, सीरीज खत्म हो जाएगी। बुमराह को बाकी दोनों टेस्ट मैचों में खेलना चाहिए। हां, उन्होंने पहले कहा था कि वह केवल तीन मैच खेलेंगे, लेकिन इसके बाद एक लंबा ब्रेक है। अगर उन्हें आराम चाहिए तो उन्हें घरेलू सीरीज का हिस्सा होने की जरूरत नहीं है। लेकिन अभी, बुमराह को अगले दो मैच खेलने चाहिए।

### सुजीत कलकल ने जीता स्वर्ण पदक

**बुडापेस्ट (हंगरी).** भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती टूर्नामेंट में 65 किग्रा पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सुजीत कलकल ने गुरुवार को खेले गये फाइनल में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए चार बार के यूरोपीय पदक विजेता अजरबैजान के अली रहीमजादे को 5-1 से शिकस्त दी। यह इस वर्ष किसी भी रैंकिंग सीरीज स्पर्धा में किसी भारतीय पहलवान द्वारा जीता गया पहला स्वर्ण पदक था। सुजीत ने पहले पीरियड में सिर्फ एक एक्टिविटी अंक गंवाया, लेकिन दूसरे पीरियड में उन्होंने आक्रमक प्रदर्शन किया। इसके साथ उन्होंने दो टेकडाउन और एक और एक्टिविटी प्वाइंट हासिल किया और मेडल बाउट में बेहतरीन जीत दर्ज की। सुजीत का फाइनल तक का सफर बहुत ही प्रभावशाली रहा और उन्होंने राउंड ऑफ 16 में पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अल्बानिया के इस्लाम दुदायेव पर 11-0 से जबरदस्त जीत हासिल की। इसके उन्होंने क्वार्टरफाइनल में फ्रांस के यूरोपीय रजत पदक विजेता खमजत अर्सामेरजौएव को मात दी।

### प्रतीका रावल और इंग्लैंड टीम पर जुर्माना

**नई दिल्ली.** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय खिलाड़ी और इंग्लैंड की टीम पर जुर्माना लगाया है. आईसीसी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज प्रतीका रावल और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर शुक्रवार को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया है. प्रतिका रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं में लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है. बता दें कि रावल को 18वें ओवर के दौरान इंग्लैंड की गेंदबाज लॉरेन फाइलर और उसके अगले ओवर में सोफी एक्लेस्टोन के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क करने का दोषी पाया गया है. आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, भारतीय सलामी बल्लेबाज को थोड़े अंतराल के भीतर हुई दो अलग-अलग घटनाओं के लिए दंडित किया गया.

# एशिया जूनियर बैडमिंटन में भारत की धमाकेदार शुरुआत

## भारत ने श्रीलंका को 110-69 से रौंदा

- **विष्णु-रेशिका की जोड़ी ने दिलाई शुरुआती बढ़त**
- **तन्वी शर्मा ने दिखाया विश्व नंबर 1 का जलवा**

**ग्रुप तालिका में शीर्ष पर कौन, फैसला कल**

भारत अब अपने दूसरे ग्रुप मैच में शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा और उसके बाद रविवार को हांगकांग से भिड़ेगा, जिससे यह तय हो सकता है कि ग्रुप तालिका में शीर्ष पर कौन रहेगा।

**सोलो, इंडोनेशिया, 18 जुलाई (वार्ता) भारत ने शुक्रवार को इंडोनेशिया में ग्रुप डी के मुकाबले में श्रीलंका को 110-69 से हराकर बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।**

विष्णु कोडे और रेशिका यू की मिश्रित युगल जोड़ी ने रिले पॉइंट सिस्टम में केनेथ अरुगोडा और इसुरी अट्टानायके को 11-5 से हराकर भारत की बढ़त की शुरुआत की, जहां एक टीम को मैच जीतने के लिए 110 अंक हासिल करने थे। इसके बाद गायत्री और मनसा रावत बहनों ने अट्टानायके और सिथुमी डी सिल्वा के खिलाफ भारत की बढ़त को 22-14 तक पहुंचाया , जिसके बाद जूनियर विश्व नंबर 1 तन्वी शर्मा ने सिथुली रणसिंघे के खिलाफ अपनी शानदार शुरुआत करते हुए भारत का स्कोर 33-21 कर दिया। भारत का एक भी एकल खिलाड़ी या जोड़ी 11 अंकों का रिले मैच नहीं हारे और मैच के आधे समय तक विजेता टीम 55-31 की बढ़त बना चुकी थी।



# न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को रौंदा

## मैट हेनरी ने झटके तीन अहम विकेट

**हरारे 18 जुलाई (वार्ता)** मैट हेनरी (तीन विकेट) के बाद डेवोन कॉन्वे (नाबाद 59 ) की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को टी-20 त्रिकोणीय सीरीज के तीसरे मुकाबले में 37 गेंदे शेष रहते जिम्बाब्वे को आठ विकेट से हरा दिया।

121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में टिम सीफर्ट (पांच) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रचिन रविंद्र ने मोर्चा संभाला। उन्होंने डेवोन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में टी मपोसा ने रचिन रविंद्र को आउटकर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन ने 19 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाये। इसके बाद डैरिल मिचेल 19 गेंदों में (नाबाद 26) और डेवोन कॉन्वे 40 गेंदों में (नाबाद 59) की जोड़ी ने और कोई विकेट नहीं गिरने दिया। न्यूजीलैंड ने 13.5 ओवर में दो विकेट पर 122 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया।

**▸ डेवोन कॉन्वे ने जड़े नाबाद 59 रन**

**ग्लेन फिलिप्स हुए बाहर**

न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) फाइनल में अपनी दाहिनी कमर में चोट खा बैठे। जिम्बाब्वे पहुंचने पर फिलिप्स की जांच की गई और धीरे-धीरे यह तय हुआ कि उन्हें पुनर्वास के लिए कुछ हफ्तों की जरूरत होगी। टिम रॉबिन्सन, जो पहले से ही उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जो एमएलसी फाइनल के लिए कवर के तौर पर टीम में शामिल हुए थे, टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के बाकी मैचों के लिए टीम के साथ बने रहेंगे।

# कोलकाता डर्बी अब 26 जुलाई को

**आईएफए ने जारी किया संशोधित कार्यक्रम**

**कल्याणी स्टेडियम में परिचालन कारणों से डर्बी एक सप्ताह टली**

**जमशेदपुर 18 जुलाई.** इस सीज़न का पहला कोलकाता डर्बी, ईस्ट बंगाल और मोहन बागान सुपर जायंट के बीच, कल्याणी स्टेडियम में परिचालन संबंधी चुनौतियों के कारण 19 जुलाई से स्थगित कर दिया गया है। अब यह मुकाबला 26 जुलाई को खेला जाएगा।

दोनों क्लबों ने मैच के लिए तैयारी कर ली थी, लेकिन 17 जुलाई की रात को कलकत्ता फुटबॉल लीग (सीएफएल) अधिकारियों ने उन्हें सूचित किया कि मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं होगा।

> इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) के सचिव अनिर्बान दत्ता ने एक आधिकारिक सूचना में लिखा, हमने सीएफएल प्रीमियर डिवीजन ग्रुप ए के लिए संशोधित कार्यक्रम प्रदान किया है। यह आपकी जानकारी और आवश्यक कार्रवाई के लिए है, जिसमें मैच की नई तारीख और किक-ऑफ समय का उल्लेख किया गया है। हालांकि कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया, लेकिन यह समझा जाता है कि स्थानीय पुलिस से मंजूरी के लिए मैदान - पिच और स्टैंड - को समय पर तैयार करना मुश्किल साबित हुआ।

# बोत्सवाना करेगा मेजबानी

**गबोरोन, 18 जुलाई (वार्ता)** इंग्लैंड में 2026 में होने वाले विस्तारित सीनियर महिला टी-20 विश्वकप के लिए अफ्रीकी देशों की टीमें 20 से 26 जुलाई तक बोत्सवाना की मेजबानी में होने वाले अफ्रीका के डिवीजन 2 के क्वालीफायर में भिड़ेंगी। बोत्सवाना क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के ओवल 1 और ओवल 2 मैदान, जो एक-दूसरे से सटे हैं, रवांडा, बोत्सवाना, सिएरा लियोन, कैमरून, मलावी, मोजम्बिक, एस्वातिनी और लेसोथो की सीनियर महिला क्रिकेट टीमों की मेजबानी करेंगे।

**इगा स्वियाटेक ▸ क्ले, हार्ड और ग्रास कोर्ट पर ग्रैंड स्लैम विजेता, सेरेना के बाद सबसे कम उम्र में यह कारनामा**

# ओपन एरा में विम्बलडन जीतने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी

**वारसॉ, 18 जुलाई (वार्ता) पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने विंबलडन 2025 का खिताब जीतकर कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। यह उनका पहला विंबलडन और कुल मिलाकर छठा ग्रैंड स्लैम खिताब है।**

इसके साथ ही वह तीनों सतहों — क्ले, हार्ड और ग्रास — पर मेजर खिताब जीतने वाली एकमात्र सक्रिय महिला खिलाड़ी बन गई हैं।स्वियाटेक ने चार बार फ्रेंच ओपन (क्ले कोर्ट), एक बार यूएस ओपन (हार्ड कोर्ट) और अब विंबलडन (ग्रास कोर्ट) में जीत दर्ज की है। वह अमेरिका की सेरेना विलियम्स के बाद तीनों सतहों पर खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र (24 वर्ष) की खिलाड़ी हैं।उन्होंने 2018 में विंबलडन जूनियर खिताब जीता था और अब वह ओपन एरा में विंबलडन के लड़कियों और महिलाओं दोनों वर्ग में खिताब जीतने वाली चौथी महिला बन गई हैं। फाइनल में उन्होंने अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया, जो ओपन एरा में किसी भी महिला द्वारा सबसे एकतरफा जीतों में से एक है। उन्होंने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल में सिर्फ दो गेम गंवाए, जो एक नया रिकॉर्ड है। यह उनकी करियर की 100वीं टूर्नामेंट जीत थी और वह सेरेना विलियम्स के बाद किसी टूर्नामेंट के 120 मैचों में यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे तेज महिला बन गई हैं। वह ओपन एरा में विंबलडन जीतने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी भी बन गई हैं।

**रैंकिंग में भी जबर्दस्त छलांग**

रैंकिंग में भी स्वियातेक ने जबरदस्त छलांग लगाई है. आठवें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच चुकी हैं और अब दूसरे स्थान पर मौजूद कोको गॉफ से सिर्फ 856 अंक पीछे हैं।

